| तापमान | | |
| --- | --- | --- |
| भोपाल | 24.0° | 30.0° |
| इंदौर | 24.0° | 28.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 28.0° |
| ग्वालियर | 24.0° | 35.0° |
| सागर | 24.0° | 30.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 218, पृष्ठ 12)
आषाढ़, कृष्ण अष्टमी संवत् 2083
मंगलवार, 7 जुलाई 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** डॉ. मुखर्जी की जयंती पर जनकल्याण पखवाड़े ...


**खेल...** विंबलडनः मुचोवा ने पूर्व चैंपियन क्रेजिकोवा को हराकर...


**व्यापार...** सर्राफा बाजार की मामूली गिरावट के साथ ...


**देश-विदेश...** बार-बार सर्जरी करवाकर बिल्कुल बार्बी डाल ...


## सर्वेक्षण के लिए अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त करने की मांग, केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से जवाब-तलब

# ताजमहल में तेजो महालय शिव मंदिर होने का दावा, हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू

**नईदुनिया ब्यूरो, प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ताजमहल परिसर में तेजो महालय मंदिर होने के दावे से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने दोनों पक्षों को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामला ताजमहल परिसर के सर्वेक्षण के लिए अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त करने की मांग से जुड़ा है। यह विवाद वर्ष 2015 में आगरा की सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ प्रभाग की अदालत में दायर घोषणात्मक वाद से संबंधित है। वाद में यह घोषणा करने की मांग की गई है कि ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर स्थित है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ताजमहल का निरीक्षण आवश्यक है, जिससे उन वास्तुशिल्पीय और संरचनात्मक विशेषताओं का दस्तावेजीकरण किया जा सके, जिन्हें वे अपने दावे के समर्थन में महत्वपूर्ण मानते हैं।

याचिका में कहा गया है कि स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नियंत्रण में संरक्षित है, इसलिए परिसर के उन हिस्सों तक स्वतंत्र रूप से पहुंचना, उनका छायांकन और चलित चित्रांकन कराना संभव नहीं है, जिनका उल्लेख वे



न्यायालय के समक्ष करना चाहते हैं। इसी कारण वर्ष 2017 में अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त कर निरीक्षण, छायांकन तथा चलित चित्रांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत कराने की प्रार्थना की गई थी। हालांकि, निचली अदालत ने जुलाई 2019 में यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया था कि अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त करने का कोई औचित्य नहीं है। इसके बाद अपीलीय न्यायालय ने भी राहत देने से इन्कार कर दिया। इसके विरुद्ध भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय के माध्यम से हरिशंकर जैन सहित छह याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कहा गया है कि स्मारक की भौतिक, वास्तुशिल्पीय तथा अन्य दृश्य विशेषताओं को केवल मौखिक साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी ढंग से सिद्ध नहीं किया जा सकता। अब उच्च न्यायालय ने मामले में केंद्र सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा अन्य पक्षों से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### मंदिर को मकबरे में बदल दिया

यह विवाद 2015 में आगरा में दायर एक सिविल मुकदमे से जुड़ा है। उस मुकदमे में, हरि शंकर जैन और अन्य भक्तों ने दावा किया था कि ताजमहल असल में 'तेजो महालय' था – भगवान शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर – जिसे बाद में मुगल बादशाह शाहजहां के शासनकाल में मुमताज़ महल के मक़बरे में बदल दिया गया था। उन्होंने इस बात की घोषणा करने और हिंदुओं को स्मारक के अंदर दर्शन, पूजा और आरती करने की अनुमति देने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ताजमहल का निरीक्षण करना जरूरी है, ताकि उन वास्तुशिल्प और संरचनात्मक विशेषताओं का दस्तावेज़ीकरण किया जा सके, जो उनके दावे का समर्थन करती हैं।

### ताजमहल के बारे में जानकारी

एपिग्राफिका इंडिका में बटेश्वर शिलालेख के अनुसार, राजा परमाल देव ने फिटकरी के समान सफेद रंग का शिवजी का मंदिर 1194 ई. में बनवाया था। ताज गार्डेन जिसका मूल नाम चारबाग है, इसके निर्माण का वर्णन बाबर ने अपनी पुस्तक बाबरनामा में किया है। बाबर ने अपनी पुस्तक में ताजमहल के नीचे कुओं के निर्माण का भी वर्णन किया है। हुमायूंनामा में ताजमहल का उल्लेख है। आगरा गजेटियर, स्द्ध बुलेटिन और रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के जनरल के अनुसार, ताजमहल का शिल्पकार विवादित है।

## खास-खबरें

### हाफिज सईद ने रची थी पहलगाम हमले की साजिश



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सोमवार को अनुपूरक आरोपपत्र दाखिल करते हुए कहा कि बैसरन घाटी में हुए हमले की साजिश लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद ने रची थी। एजेंसी ने उस पर भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को हुए इस हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अनुसार मामले के तीन आरोपी आतंकवादी मारे जा चुके हैं, जबकि मुख्य संचालक सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा अब भी फरार है। उस पर 10 लाख का इनाम घोषित है।

### महिलाओं की सहायता राशि बढ़ाई जाए

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद ने महिलाओं के लिए संचालित नकद सहायता योजनाओं की राशि समय-समय पर बढ़ाने की सिफारिश की है। परिषद ने कहा कि महंगाई और घरेलू खर्च में वृद्धि को देखते हुए सहायता राशि की नियमित समीक्षा आवश्यक है। महाराष्ट्र और ओडिशा की योजनाओं का अध्ययन करते हुए बताया गया कि इनसे महिलाओं की बचत और परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। डिजिटल साक्षरता और स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की भी सलाह दी गई।

### उग्रवादियों के हमले में दो जवान शहीद

**नईदुनिया ब्यूरो, इम्फाल :** मणिपुर के उखरूल जिले में असम राइफल्स के काफिले पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। हमले में वारंट अधिकारी बलवंत सिंह और राइफलमैन सी.एम. सिंह शहीद हो गए। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। न्यायवैज्ञानिक दल भी मामले की जांच में जुटा है।

## मुख्यमंत्री ने किया स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र और सम्मेलन केंद्र का भूमिपूजन

# सतगढ़ी बनेगा औद्योगिक विकास का नया केंद्र, रोजगार पर जोर : डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल के कोलार क्षेत्र में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र तथा सम्मेलन केंद्र का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सतगढ़ी स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र राजधानी की विकास यात्रा में मंदिर के समान होगा और यहां 15 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इस औद्योगिक क्षेत्र को देश के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को खेत से कारखाने और उद्योगों को बाजार से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास




व्यक्त किया कि विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र किसानों की आय बढ़ाने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगे। उन्होंने कहा कि सतगढ़ी में विकसित होने वाला आधुनिक सम्मेलन केंद्र प्रदेश का सबसे बड़ा होगा। लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस केंद्र में 10 हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए समान कानून होना चाहिए और इस संबंध में सभी धर्मों तथा समुदायों से सुझाव लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2025 में प्राप्त 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। किसान कल्याण वर्ष के दौरान अब तक 86 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए हैं। अमेरिका, जापान, ब्रिटेन, कनाडा और दक्षिण कोरिया से प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपये का विदेशी निवेश भी प्राप्त हुआ है। अधिकारियों के अनुसार लगभग 70 हेक्टेयर में विकसित होने वाली इस परियोजना में आधुनिक अधोसंरचना, सम्मेलन केंद्र, वाणिज्यिक परिसर, आवासीय सुविधाएं तथा पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी।

# चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे मंजूर





**नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्या :** राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की पहली बैठक सोमवार शाम संपन्न हुई। लगभग तीन घंटे चली बैठक की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की। बैठक में चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए। चंपत राय की जगह नए ट्रस्टी रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया है। कृष्ण मोहन दलित समाज से आते हैं।

### चोरी की घटना से अत्यंत आहतः गोपाल दास



इससे पहले महंत नृत्य गोपाल दास ने लिखित वक्तव्य जारी कर कहा कि चढ़ावा चोरी की घटना से वे अत्यंत आहत हैं। उन्होंने कहा कि जिसने भी यह कृत्य किया है, उसे कठोर दंड मिलना चाहिए। न्यास में किसी भी प्रस्ताव को पारित करने के लिए आवश्यक सदस्यों की सहमति का प्रावधान है।

### घटना अत्यंत दुखद और शर्मनाकः कोषाध्यक्ष



बैठक के बाद न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा कि चढ़ावा चोरी की घटना अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि से पहले विशेष परिस्थितियों में न्यास की बैठक बुलाई गई, जिसमें आवश्यक गणपूर्ति पूरी रही। बैठक में महंत नृत्य गोपाल दास तथा निर्मोही अखाड़े के संत दिनेंद्र महाराज उपस्थित रहे, जबकि कुछ पदेन सदस्य आभासी माध्यम से जुड़े।

# शेर का किसान पर हमला, आधे घंटे तक जबड़े में दबाए रखा

**नईदुनिया ब्यूरो, भावनगर :** गुजरात के भावनगर जिले के पालीताना तालुका में सोमवार सुबह शेर के हमले में एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान कालूभाई बोगभाई परमार ने बताया कि वह सुबह अपनी गाय को चारा खिलाने जा रहे थे, तभी शेर ने पीछे से हमला कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद शेर ने उनका हाथ अपने जबड़े में दबोच लिया और करीब आधे घंटे तक पकड़े रखा। किसान के अनुसार उन्होंने लगातार खुद को छुड़ाने का प्रयास किया और शेर को खरोंच भी मारी। इसके बाद शेर ने पकड़ छोड़ दी, जिससे वह मौके से भागने में सफल रहे। घायल किसान का पालीताना के स्थानीय अस्पताल में उपचार कराया गया।

घटना से पहले शेर ने एक अन्य ग्रामीण पर भी हमला करने का प्रयास किया था, लेकिन वह



भागकर घर के भीतर चला गया और दरवाजा बंद कर अपनी जान बचा सका। ग्रामीणों ने किसान को बचाने के लिए शेर की ओर पत्थर भी फेंके। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शेर को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया। घटना के बाद गरजिया गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से शेरों को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ने तथा गांवों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### तीन राज्यों में विस उपचुनाव की अधिसूचना जारी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** भारत निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश की दतिया, गुजरात की मंझलपुर तथा बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ हो गई है, जो 13 जुलाई तक जारी रहेगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया तीनों विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हो चुकी है। नामांकन की अंतिम तिथि 13 जुलाई निर्धारित की गई है। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच तथा अन्य चुनावी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

आयोग के अनुसार, आवश्यकता होने पर 30 जुलाई को मतदान कराया जाएगा, जबकि तीन अगस्त को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# सातारा में पुल टूटा, मुंबई-पुणे मार्ग पर भूस्खलन

## देश के कई राज्यों में वर्षा बनी आफत



**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई :** देश के कई राज्यों में मानसून की सक्रियता के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। महाराष्ट्र में लगातार तीन दिनों से हो रही भारी वर्षा के बीच मुंबई-पुणे रेल मार्ग पर करजत-लोनावला के भोर घाट क्षेत्र में दो स्थानों पर भूस्खलन होने से तीनों रेल पटरियां प्रभावित हो गईं। इसके चलते 20 रेलगाड़ियों का संचालन रद्द करना पड़ा। मुंबई-पुणे द्रुतगामी मार्ग पर भी भूस्खलन के कारण यातायात बाधित रहा। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी पर बना पुल टूटने से 10 से 12 पर्यटक फंस गए। राहत दल ने क्रेन की सहायता से वाहनों को सुरक्षित बाहर निकाला। मुंबई में बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने सभी शासकीय और निजी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। खराब मौसम के कारण मुंबई हवाई अड्डे से 17 उड़ानें निरस्त कर दी गईं।

# इंडोनेशिया पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी लड़ाकू विमानों ने किया स्वागत

▸▸ **राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से होगी द्विपक्षीय वार्ता, ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र समझौते पर रहेगी नजर**

**जकार्ता, एजेंसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया पहुंचे। इंडोनेशिया के वायु क्षेत्र में प्रवेश करते ही वहां की वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने उनके विशेष विमान को सुरक्षा प्रदान करते हुए गंतव्य तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका इंडोनेशिया का तीसरा दौरा है। जकार्ता हवाई अड्डे पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका औपचारिक स्वागत किया। आगमन पर उन्हें सम्मान गारद भी प्रदान किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उनका अभिनंदन किया गया। प्रधानमंत्री



मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच होने वाली द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, समुद्री सहयोग तथा आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। इस दौरान लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये के ब्रह्मोस अतिध्वनिक क्रूज प्रक्षेपास्त्र प्रणाली संबंधी संभावित समझौते पर भी सहमति बनने की संभावना जताई जा रही है। यदि यह समझौता होता है तो फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस प्रणाली प्राप्त करने वाला दूसरा विदेशी देश बन जाएगा।

दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी नौवीं शताब्दी में निर्मित प्रम्बानन मंदिर भी जाएंगे। यह मंदिर भगवान शिव, भगवान विष्णु और भगवान ब्रह्मा को समर्पित है।

**आस्था** | तीन दिनों में 56 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन...

# अमरनाथ गुफा में हिम शिवलिंग का आकार घटकर एक फीट रह गया

**नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगर :** अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक रूप से बनने वाले पवित्र हिम शिवलिंग का आकार घटकर लगभग एक फुट रह गया है। सोमवार को सामने आई तस्वीरों में हिम शिवलिंग का अधिकांश हिस्सा पिघला हुआ दिखाई दिया। 57 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हुई है।

यात्रा के पहले तीन दिनों में 56 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 18.6 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025 में




पहले तीन दिनों के दौरान 47 हजार 972 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। इस वर्ष यात्रा के लिए चार लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। 23 मई को जारी तस्वीरों में हिम शिवलिंग की ऊंचाई लगभग सात फुट थी, जबकि 29 जून को प्रथम पूजा के समय यह पांच फुट से अधिक था। अब इसका आकार काफी कम हो गया है। श्रद्धालु लगातार नुनवान-पहलगाम तथा बालटाल मार्ग से यात्रा कर रहे हैं।

यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर संपन्न होगी। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बताया है कि नौ जुलाई तक सभी पंजीकरण स्थान भर चुके हैं। बिना पंजीकरण आने वाले श्रद्धालुओं को जांच चौकियों पर रोका जाएगा और नौ जुलाई के बाद ही आगे जाने की अनुमति दी जाएगी। हिम शिवलिंग प्रत्येक वर्ष मौसम, तापमान और जल की उपलब्धता के अनुसार प्राकृतिक रूप से बनता और उसका आकार बदलता है।

### अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**तेहरान, एजेंसी :** ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा सोमवार को तेहरान में निकाली जा रही है। लगभग दस किलोमीटर लंबे मार्ग पर लाखों लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे हैं। भारी भीड़ के कारण पार्थिव शरीर ले जा रहा वाहन कई स्थानों पर धीमी गति से चला और कुछ समय के लिए रुकना भी पड़ा। प्रशासन ने लोगों से अंतिम यात्रा मार्ग पर व्यवस्थित बने रहने की अपील की है। अधिकारियों के अनुसार, अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को हेलिकॉप्टर से यात्रा मार्ग के ऊपर भी ले जाया जाएगा। अंतिम यात्रा के बाद पार्थिव शरीर को धार्मिक अनुष्ठानों के लिए कोम ले जाया जाएगा।